तपती धूप में प्रभावितों को सहारा देने नींबू पानी और आम पना की व्यवस्था, महापौर नीरज पाल, और आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर प्रभावितों के लिए की जा रही है जरूरी व्यवस्थाएं

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर प्रभावितों के लिए जरूरी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। सूर्या नगर में झुग्गी बस्ती के घर जल जाने से प्रभावित लोगों के फिर से व्यवस्थापन के लिए निगम ने बांस , बल्ली की व्यवस्था प्रभावितों के लिए की है। प्रभावित परिवार फिर से अपना घर बनाना प्रारंभ कर चुके हैं , भीषण गर्मी में अपना आशियाना तैयार कर रहे हैं। इसे देखकर महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने प्रभावित परिवार के सदस्यों के लिए नींबू पानी और आम पना की व्यवस्था स्पॉट पर ही की है ताकि गर्मी से राहत मिल सके। प्रभावितों के लिए भोजन की व्यवस्था भी बस्तियों में ही की गई है तथा पेयजल व्यवस्था के लिए निगम के पानी टैंकर एवं अन्य संसाधन 24 घंटा मौजूद है। चुकि प्रभावित परिवार पुनः बस्ती में घर बनाने में जुटा हुआ है इसलिए सारे संसाधन बस्ती में ही निगम प्रशासन मुहैया कराने का प्रयास कर रहा है। आज महापौर नीरज पाल , निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर , जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने प्रभावित परिवार के सभी सदस्यों को दैनिक उपभोग के लिए बाल्टी का वितरण किया। प्रभावित परिवार के जरूरत के मुताबिक सारी व्यवस्थाएं की जा रही है। निगम एवं जिला प्रशासन हर संभव मदद करने की कोशिश कर रही है। महापौर एवं निगम आयुक्त झुग्गी बस्ती में व्यवस्था बनाने हेतु दिन-रात डटे हुए हैं।